HAMIRPUR POLICE

थाना मौदहा दिनांक-09.08.2022

ताजिया जुलूस को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत कस्बा मौदहा का भ्रमण/निरीक्षण-

आज दिनांक 09.08.2022 को पुलिस अधीक्षक/जिलाधिकारी हमीरपुर द्वारा मोहर्रम पर्व के दौरान निकलने वाले ताजिया जुलूस को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत कस्बा मौदहा का भ्रमण किया गया साथ ही थाना मौदहा क्षेत्र अंतर्गत सभी ताजिया जुलूस के साथ व ताजिया मार्गों, मेला स्थलों पर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था हेतु लगाए गए पुलिस बल की ड्यूटी चेक की गई। मोहर्रम त्यौहार की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु कस्बा मौदहा में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया साथ ही ताजिया स्थलों का भी निरीक्षण किया गया व सुरक्षा में लगे पुलिस बल को आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमणशील रहते हुए सर्व समुदाय के धर्मगुरुओं से वार्तालाप कर अपील की जा रही है कि शांति व सद्भाव के साथ त्यौहार मनाएं व आपसी भाई-चारा बनाए रखें।